# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय
## लखनऊ—226007


संदर्भ संख्या :............................/सम्बद्धता अनु./2018

दिनांक :. ...........................................

रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगत

# कार्यालय—आदेश

शिवगंगा मेमोरियल डिग्री कालेज,
हरदा कालोनी, पोस्ट—इटौंजा, जिला—लखनऊ।

महोदय,

कृपया स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत बी0कॉम0 पाठ्यक्रम की सहयुक्तता सत्र 2018—19 से समाप्त किये जाने विषयक अपने प्रस्ताव दिंनाक 10.12.2017 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में सूच्य है कि आपके प्रस्ताव के परिप्रेक्ष्य में कार्य परिषद की बैठक दिनांक 20.02.2018 के अन्य मद संख्या : 02 (ब) पर निम्नवत् निर्णय पारित किये गये हैं :—

"स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालय में पाठ्यक्रम की सहयुक्तता समाप्त किये जाने के लिए महाविद्यालय के प्रबन्धक/प्राचार्य द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रति पाठ्यक्रम रू0 एक लाख (रू 1,00,000/—) की धनराशि जमा करनी होगी। यह भी निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय में पूर्व प्रवेशित विद्यार्थियों की नियमित परीक्षा/बैकपेपर/इम्प्रूवमेंट आदि की जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी, उल्लिखित दोनों शर्तें पूर्ण होने पर ही सहयुक्तता (सम्बद्धता) समाप्त की जा सकेगी। भविष्य में महाविद्यालयों की सहयुक्तता (सम्बद्धता) समाप्त करने के सभी प्रकरणों में भी यह व्यवस्था लागू होगी।"

अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीया

(डॉ0 भावना मिश्रा)
उप कुलसचिव (सम्ब.)

संख्या : AF 9372-76 दिनांक : 13/04/18

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0 के अवलोकनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के अवलोकनार्थ।
4. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई—मेल से प्रेषित करने व विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त समस्त सहयुक्त महाविद्यालय को अनुपालनार्थ।
6. गार्ड फाईल।

Bmishra

(डॉ0 भावना मिश्रा)
उप कुलसचिव (सम्ब.)